दैनिक जागरण 17/04/2025

# करियर संभावनाओं पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



कार्यक्रम के दौरान जीएमएन कालेज के प्राचार्य व अतिथि। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में जनसंचार (मास कम्युनिकेशन) विभाग और संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। यह सत्र डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म में उभरते करियर अवसरों पर केंद्रित रहा। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने डिजिटल मीडिया करियर में संभावनाओं के बारे में बताया। प्राचार्य डा. रोहित ने कहा कि आज के समय में ओटीटी माध्यमों ने मनोरंजन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इस दौरान मुख्य अतिथि नितिन गुप्ता सहित डा. चंद्रपाल पुनिया, डा. नेहा, सुषमा शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया स्कालर अनिल यादव, राजेंद्र मीरवाल, सुषमा आदि रहे।